हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

04 भोजपुरी गायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग समाज की भावनाएं ...



07 कलयुगी मां ने जिस बेटी को 9 माह अपनी गर्भ में रखा उसके जन्म लेते ही...



समाचार संक्षेप

बिना अनुमति रैली-धरने और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट पर प्रतिबंध

गुना। जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कड़े प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 5 अक्टूबर से 4 दिसंबर 2026 तक प्रभावशील रहेगा। जारी आदेश के तहत जिले में सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी तरह की रैली, धरना, जुलूस या प्रदर्शन आयोजित करने पर पूर्ण रोक लगा दी गई है। साथ ही, प्रदर्शनों में अस्त्र-शस्त्र, ज्वलनशील व विस्फोटक सामग्री ले जाने तथा सार्वजनिक मार्गों को बाधित करने पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं, सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) पर धार्मिक, सामाजिक या जातिगत विद्वेष भड़काने वाले संदेश, फोटो या वीडियो पोस्ट, लाइक, शेयर व फॉरवर्ड करना दंडनीय होगा।

21 से 28 अक्टूबर तक विख स्तर पर आयोजित होंगे रोजगार शिविर

गुना। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बेरोजगार एवं इच्छुक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 26 तक जनपदवार रोजगार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में प्राइवेट सिक्यूरिटी एजेंसी रेगुलेशन एक्ट 2005 के द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए उम्मीदवारों का पंजीयन एवं चयन किया जाएगा। जिल रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि कम्पनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण उपरांत स्थाई रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के तहत पंजीयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को विस्तृत जानकारी के लिए 250 रुपये की लागत से विवरण पुस्तिका एवं त्रष्ठङ्क का रजिस्ट्रेशन फार्म उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण केन्द्र नोएडा भेजा जाएगा, जहां 15 दिवस का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों से 10,500 रुपये लिए जाएंगे, जिसके अंतर्गत उन्हें किट प्रदान की जाएगी।

सोते परिजनों को कमरे में बंद कर ताला तोड़ा, जेवर व नकदी चोरी

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाबगंज में बीती रात बेखौफ अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने सो रहे परिजनों के कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी और दूसरे कमरे से सोने-चांदी के जेवरात सहित हजारों रुपये की नकदी समेटकर फरार हो गए। फरियादी शरीक खान (54) निवासी गुलाबगंज ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात करीब 1:30 बजे परिजन घर में सो रहे थे। तभी अज्ञात चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और परिजनों वाले कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद चोरों ने दूसरे कमरे में रखी गोदरेज की अलमारी से सोने की अंगूठी, छोटा मंगलसूत्र, चांदी की पायल तथा 8 से 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। आहट होने पर जब फरियादी की नींद खुली, तो उन्होंने बाहर निकलने का प्रयास किया और किचन के रास्ते बाहर आए। भागते हुए अज्ञात चोरों ने गुलेल या किसी हथियार से कंकड़ चलाए, जिनमें से एक कंकड़ फरियादी के सिर में लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

गली में खड़ा ट्रैक्टर चोरी, सीसीटीवी फुटेज में दिखा चोर

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत लूसन का बगीचा एटीएम वाली गली के सामने से एक पुराना ट्रैक्टर चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर रात के अंधेरे में ट्रैक्टर पार कर ले गया, जिसकी पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आवेदक शशि भूषण रघुवंशी निवासी बांसखेड़ी म्याना हाल गुना ने ट्रैक्टर चोरी के संबंध में शिकायती आवेदन दिया था। जांच के दौरान पीड़ित ने बताया कि उन्होंने गत दिवस अपना महिंद्रा 275 ट्रैक्टर एमपी 08-1394 रोज की तरह एटीएम वाली गली के सामने खड़ा किया था। शाम जब वे गांव से लौटे तो ट्रैक्टर गायब मिला। आसपास और पगारा टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर एक अज्ञात व्यक्ति रात करीब 1:17 बजे ट्रैक्टर चुराकर ले जाता हुआ दिखाई दिया। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर पुलिस ने आवेदक के कथनों के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

इफको की 1,700 और एनएफएल की 2,670 मीट्रिक टन खाद पहुंची

रबी सीजन से पहले मिली 4,370 मीट्रिक टन डीएपी खाद, किसानों को राहत की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

रबी सीजन की बोवनी शुरू होने से पहले जिले के किसानों के लिए राहत की खबर है। गुना जिले को 4,370 मीट्रिक टन डीएपी खाद की खेप प्राप्त हुई है। इसमें इफको की 1,700 मीट्रिक टन तथा एनएफएल की 2,670 मीट्रिक टन खाद शामिल है। मालगाड़ी से रैक खाली करने के बाद खाद को संबंधित गोदामों तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

किसानों ने उठाया था खाद संकट का मुद्दा

गौरतलब है कि करीब ढाई सप्ताह पहले केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के गुना प्रवास के दौरान किसानों ने खाद की किल्लत का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। सर्किट हाउस में पगारा सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे किसानों ने टोकन व्यवस्था में परेशानी और समय पर खाद नहीं मिलने की शिकायत की थी।

किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सिंधिया ने मौके पर मौजूद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को किसानों की समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए थे।

सोसायटियों तक समय पर पहुंचाना चुनौती

अब जिले में डीएपी की बड़ी खेप पहुंचने से किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, किसानों के सामने सबसे अहम सवाल खाद के समय पर वितरण केंद्रों और सोसायटियों तक पहुंचने का है।

किसानों का कहना है कि यदि खाद का वितरण व्यवस्थित तरीके से किया जाता है तो रबी सीजन की बोवनी के दौरान होने वाली परेशानी काफी कम हो सकती है। प्रशासन के सामने भी अब खाद के सुचारू और पारदर्शी वितरण की चुनौती है, ताकि किसानों को लंबी कतारों, टोकन व्यवस्था और खाद की कमी जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

दुकान और मकान में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की शिकायत

गुना। जिले के सिरसी थाना क्षेत्र के ग्राम सलौदा में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा एक घर और दुकान को आग के हवाले करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात में पीड़िता की पूरी गृहस्थी, दुकान का सामान, ऑटो पार्ट्स और खेत में खड़ी फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई। मामले में न्याय और सुरक्षा की गुहार लेकर पीड़ित परिवार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को आवेदन सौंपा है। एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता अनुसुईया बाई पति गजानंद धाकड़ निवासी सलौदा ने दिए आवेदन में बताया कि 3 अक्टूबर 26 की रात नयागांव के कुछ अज्ञात यादव समाज के लोगों द्वारा उनके मकान और दुकान में पेट्रोल व डीजल छिडक़कर आग लगा दी गई। आगजनी की इस घटना में उनकी किराना जलकर नष्ट हो गई।

तख्तियां लटकाकर जनसुनवाई में पहुंचे दंपती, थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप

पुलिस पर छह लोगों के साथ मिलीभगत कर राजीनामे का दबाव बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक पीड़िता अपने पति के साथ गले में गंभीर आरोपों वाली तख्तियां लटकाकर कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाने पहुंची। दंपत्ति ने थाना प्रभारी और 6 दबंगों पर मिलीभगत कर केस में राजीनामा करने का दबाव बनाने और मना करने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

गले में तख्ती लटकाकर बयां की आपबीती

कलेक्टोरेट पहुंची पीड़िता ने अपने गले में जो तख्तियां लटका रखी थीं, उन पर लिखा था कि थाना प्रभारी रेपिस्टों, भू-माफिया और हत्या के आरोपियों से मिले हुए हैं। 181 पर शिकायत करने पर वे आग बबूला होते हैं और पीड़िता के पति को बंद करने तथा गुंडा लिस्ट में नाम डालने की धमकी देते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन में पीड़ित पक्ष ने बताया कि ग्राम वशीलगढ़ निवासी आरोपियों द्वारा लगातार उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। आरोप है कि थाना प्रभारी आरोपियों के समर्थन में आकर पति-पत्नी को लॉकअप में बंद करने, आधी रात को प्रताड़ित करने और राजीनामा न करने पर झूठे केस दर्ज कराने की धमकी दे रहे हैं।

न्याय दो या चौराहे पर गोली मार दो

पीड़ित दंपत्ति ने आवेदन में अपनी लाचारी व्यक्त करते हुए लिखा कि यदि उन्हें न्याय नहीं दिया जा सकता, तो थाना प्रभारी से कहकर उन्हें चौराहे पर गोली मरवा दी जाए। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, सभी 6 नामजद आरोपियों की जमानत खारिज कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाए और पक्षपात कर रहे थाना प्रभारी पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

राशन दुकान विक्रेताओं का 249 महीनों का वेतन लंबित

इधर प्राथमिक लघु वनोपज समिति फतेहगढ़ के अंतर्गत संचालित चार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं का लंबे समय से वेतन लंबित होने के कारण उनके सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार को पीड़ित सेल्समैनों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा। सेल्समैनों ने 249 विक्रेता-माह का बकाया मानदेय दिलाने, समिति के बैंक खातों की जांच कराने और सहकारिता विभाग द्वारा पूर्व में की गई कार्रवाई की पारदर्शी जानकारी देने की मांग की है। इधर विभाग ने उल्टे राशन विक्रेताओं पर वारदाने के पैसे जमा नहीं करने की बात कही। जो लगभग 6 लाख रुपए से अधिक है।

कलेक्टोरेट पहुंचे पीड़ितों ने बताया कि फतेहगढ़ समिति के तहत संचालित राशन दुकानों के विक्रेताओं का वर्षों से मानदेय नहीं मिला है।

दुकानवार विवरण के अनुसार रामनगर दुकान के विक्रेता अरविंद किरार का 96 माह, अजरोडा के विक्रेता अनिल मीना का 18 माह, डिगडोली के विक्रेता दीनदयाल भील का 20 माह और करांखेड़ा के विक्रेता रूपेश शर्मा का सर्वाधिक 115 माह का मानदेय अटका हुआ है। इस प्रकार कुल 249 महीनों का वेतन लंबित है, जिससे विक्रेताओं और उनके परिवारों का जीवन-यापन दुभर हो गया है। आवेदकों ने कलेक्टर से मांग की है कि समिति के सभी बैंक खातों, कैशबुक, लेजर, भुगतान रजिस्टर और जमा बारदाना राशि का मिलान किसी निष्पक्ष वरिष्ठ अधिकारी से कराया जाए। साथ ही यह स्पष्ट किया जाए कि इतने लंबे समय तक मानदेय रुकने का वास्तविक कारण क्या है और दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर सजी मारवाड़ी संस्कृति की रंगारंग झांकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शहर के नारायण गार्डन में अग्रज ग्रुप की ओर से भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। विवाह थीम पर आधारित कार्यक्रम 'बंधन– रिश्तों का उत्सव' में अग्रवाल समाज की समृद्ध परंपराओं, पारिवारिक रिश्तों और संस्कारों की मनमोहक झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से रिश्ता पक्का होने से लेकर सगाई, बान-सांकड़ी, हल्दी, बामण बिंदौरी, रातीजगा, मायरा, बारात, वरमाला, फेरे, विदाई और गृह प्रवेश तक की विवाह की विभिन्न रस्मों को क्रमबद्ध रूप से मंच पर जीवंत किया गया। प्रस्तुतियों के माध्यम से मारवाड़ी संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया।

युवाओं को संस्कृति से जोड़ने का प्रयास

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को समाज की पारंपरिक रीति-रिवाजों, संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों से परिचित कराना रहा। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे आयोजन के दौरान उत्साह एवं उल्लास का माहौल बना रहा।

सजावट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

समारोह के दौरान ओखली-मूसल एवं सूप सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मूल्यांकन सीमा शर्मा एवं भारती चौहान ने किया। इसमें आरती गोयल ने प्रथम, नंदिनी सिंघल ने द्वितीय और निशिका गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान अग्रज ग्रुप की सामाजिक एवं व्यावसायिक पहल 'अग्रवाल बिजनेस डायरेक्टरी' का विमोचन समाज अध्यक्ष प्रदीप मित्तल द्वारा किया गया। इस पहल को समाज के व्यवसायियों को एक-दूसरे से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया गया। आयोजन को सफल बनाने में अग्रज ग्रुप के फाउंडर मेंबर्स अमित-अंजना गर्ग, अतुल-नेहा अग्रवाल, रितेश-रचना अग्रवाल, दीपक-निधि मंगल, अध्यक्ष गौरव-प्रियंका गर्ग एवं सचिव गौरव-गरिमा गोयल का विशेष सहयोग रहा। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मुंगावली के सेंट मीरा स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा श्रीजी मिश्रा को भोपाल में मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत किया



अशोकनगर। मुख्यमंत्री द्वारा भाषण प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राजधानी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में अशोकनगर जिले के विकासखंड मुंगावली के सेंट मीरा स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा श्रीजी मिश्रा को पुरस्कृत किया। श्रीजी मिश्रा जिला स्तर से लेकर भोपाल स्तर तक भाषण प्रतियोगिता में विजेता रहीं हैं। कलेक्टर साकेत मालवीय ने छात्रा श्रीजी मिश्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी इसी तरह अपनी प्रतिभा का निरंतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा,डीपीसी राहुल शर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगावली श्यामबिहारी शर्मा तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की।

दो पक्षों में खूनी संघर्षः फर्से और चाकू से हमला शिकायत पर क्रॉस मामला किया दर्ज

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्यम होटल के पास देर रात पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों पक्षों की ओर से चले फर्से, चाकू, कड़े और बेसबॉल के डंडों से कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष के फरियादी अमन उर्फ मंटा खान (21) निवासी तलैया मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देर रात करीब 12:30 बजे वे अपने दोस्तों के साथ जा रहे थे। तभी रास्ते में पार्थ शर्मा, बलदाऊ, अयान और अनमोल सरदार ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की। विरोध करने पर पुरानी रंजिश के चलते पार्थ शर्मा ने फर्से से सिर पर हमला कर दिया।वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी हेमंत उर्फ बलदाऊ किरार (23) निवासी बलवंत नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि रात करीब 1 बजे वे अपने साथियों के साथ कार से जा रहे थे। तभी सत्यम होटल के पास मंटा खान और अनस खान ने उन्हें रोका और पुराने विवाद पर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर अनस खान ने फर्से से हमला कर सिर पर चोट पहुंचाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक से स्मैक की कर रहे थे तस्करी

2.10 लाख रुपए की स्मैक के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले की मृगवास थाना पुलिस ने 20.61 ग्राम स्मैक सहित दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। उक्त स्मैक की कीमत 2.10 लाख एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित लगभग 3.10 लाख का मशरूका जप्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि राजस्थान के छबड़ा तरफ से एक बिना नंबर की बजाज सीटी 100 मोटर सायकिल पर दो व्यक्ति नशीला पदार्थ स्मैक लेकर सानई होते हुए बीनागंज की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर सानई चौकी से तत्काल पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और टीम द्वारा तुरंत कुम्भराज-सानई रोड़ पर जयश्रीराम धर्मकांटे के पास नाकाबंदी की गई। जहां पर कुछ ही समय बाद मुखबिर के बताए अनुसार हुलिए की मोटर सायकिल पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा उन्हें घेराबंदी कर धरदबोचा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम रामराज पुत्र मुकेश मीना निवासी ग्राम पचबाड़ा थाना छबड़ा जिला बांरा एवं 2-मनोज पुत्र चम्पालाल मीना उम्र 28 साल निवासी ग्राम तुर्कीबाड़ा थाना छबड़ा जिला बांरा राजस्थान के बताए।

तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 20.61 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग 2.10 लाख रुपये तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की कीमत लगभग 1 लाख रुपये सहित कुल 3.10 लाख रुपये मूल्य का मशरूका आरोपियों के कब्जे से विधिवत जब्त कर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जिला स्तरीय साथिया समागम में पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और बाल विवाह रोकने का दिया संदेश

किशोरों को स्वस्थ भविष्य की राह दिखा रहे 'साथिया': कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



गैर सरकारी संस्था दक्ष फाउंडेशन, जबलपुर के सहयोग से मंगलवार को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय साथिया समागम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जिलेभर से आए साथिया, प्रशिक्षक, परामर्शदाता एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने साथिया कार्यक्रम की पृष्ठभूमि, चयन प्रक्रिया और समुदाय स्तर पर साथियाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि किशोरावस्था जीवन का बेहद महत्वपूर्ण चरण है। इस उम्र में सही जानकारी, उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण किशोरों के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करता है। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि साथिया अपने साथियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। वे किशोरों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बन रहे हैं।

उन्होंने साथियाओं से कहा कि वे स्वयं नशे, बाल विवाह और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहें तथा अपने साथियों को भी इनसे बचने के लिए प्रेरित करें। साथ ही पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में जिले में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षक, सरपंच, सचिव, आशा सहयोगी, आशा कार्यकर्ता, परामर्शदाता, प्रशिक्षक एवं साथियाओं को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों ने कार्यक्रम के माध्यम से किशोर स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों और अनुभवों को साझा किया। समागम में साथियाओं ने पोषण, नशामुक्ति, बाल विवाह एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से किशोरों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक होने का संदेश दिया गया।

किशोरों ने साझा किए अनुभव

कार्यक्रम में साथियाओं ने अपने अनुभव, जीवन में आए सकारात्मक बदलाव और सफलता की कहानियां भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि साथिया कार्यक्रम से जुड़ने के बाद उन्हें स्वास्थ्य एवं सामाजिक विषयों की जानकारी मिली और वे अपने गांव को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित हुए।

समाचार संक्षेप

इंटरनेशनल कॉन्वेंट हाई स्कूल बीनागंज में गोली खिलाकर मनाया कृमि मुक्ति दिवस



चाचौड़ा। इंटरनेशनल कॉन्वेंट हाई स्कूल बीनागंज में मंगलवार को कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवा की गोली खिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करना और उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नीरज शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से होने वाली समस्याओं, स्वच्छता के महत्व तथा नियमित रूप से हाथ धोने, साफ-सफाई रखने और पौष्टिक आहार लेने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही बच्चों के बेहतर शैक्षणिक एवं मानसिक विकास का आधार है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज शिवहरे ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बेहद आवश्यक है।

भजन संध्या में पहुंचीं अर्चना चौहान, बोलीं- मृगवास मेरा घर, नेता नहीं बेटी की तरह आती हूं



चाचौड़ा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अर्चना बल्लू चौहान कालापहाड़ सोमवार रात मृगवास में आयोजित भजन संध्या में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने अशोकनगर-बुंदेलखंड के प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार गोलू ओझा के भजनों का आनंद लिया और भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर उनके साथ कुंभराज के पूर्व पार्षद लक्ष्मणजी गुर्जर, पार्षद राधे माली, ग्रामीण कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनोज राणा, रवि माली, मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कन्हैया लाल भील, धनराज गुर्जर मुरेला एवं पंकज राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।अर्चना चौहान ने भजन संध्या आयोजन समिति को 5,500 रुपए की राशि प्रदान की। वहीं डोल ग्यारस आयोजन के लिए 11 हजार रुपए की राशि भी भेंट की।इस दौरान अर्चना चौहान ने कहा कि "मृगवास मेरा घर है।

किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने की डी.ए.पी. खाद वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग



अशोकनगर। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर जिले में डीएपी खाद वितरण की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को शासन की योजनाओं, विशेषकर खाद वितरण की व्यवस्था को लेकर समय-समय पर समीक्षा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा है कि जिले में जिस अनुपात में समितियों के माध्यम से किसानों को डी.ए.पी. खाद उपलब्ध होना चाहिए था, वह कर्मचारियों की लापरवाही एवं अनियमित कार्यप्रणाली के कारण किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में टोकन बुक करने का कोई निश्चित समय व पारदर्शी व्यवस्था नहीं है। तकनीकी खामियों का हवाला देकर किसानों को गुमराह किया जा रहा है। बिचैलिये,निजी दुकानदार एवं मुंशियों द्वारा मिलीभगत कर जानबूझकर ईमानदार किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि आप स्वयं इस संपूर्ण खाद वितरण प्रणाली की समीक्षा करें।

आपत्तिजनक गीत-वीडियो के विरोध में सेन समाज ने सौंपा ज्ञापन

भोजपुरी गायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग समाज की भावनाएं आहत होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



बिहार के भोजपुरी गायक गणेश यादव द्वारा सेन समाज के सैलून व्यवसायियों एवं उनकी बेटियों को लक्ष्य कर कथित रूप से आपत्तिजनक, अश्लील एवं जातिसूचक गीत/वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने का आरोप लगाकर विरोध में मंगलवार को सेन समाज के लोगों ने चाचौड़ा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। समाजजनों ने तहसीलदार महेंद्र खेमरिया को दोपहर 12 बजे महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाजजनों ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे कथित आपत्तिजनक गीत एवं वीडियो से सेन समाज की सामाजिक प्रतिष्ठा एवं छवि प्रभावित हो रही है। समाज के लोगों का कहना है कि इस प्रकार की सामग्री से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और समाज की महिलाओं एवं बेटियों को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां किए जाने से लोगों में आक्रोश है। सेन समाज के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित आपत्तिजनक सामग्री को हटाने तथा भविष्य में इस प्रकार की सामग्री के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग भी रखी गई। समाजजनों ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी समाज, जाति अथवा समुदाय की महिलाओं, बेटियों या व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपमानित करने वाली सामग्री का प्रसारण उचित नहीं है। ऐसे मामलों में समय रहते कार्रवाई होना जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज विशेष को लेकर, अश्लील या जातिसूचक गीत एवं वीडियो बनाने अथवा प्रसारित करने का प्रयास न करे।

समाज में जताया आक्रोश

ज्ञापन देने पहुंचे सेन समाज के लोगों ने कहा कि समाज सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी सम्मान में विश्वास रखता है। समाज के किसी भी वर्ग को अपमानित करने वाली सामग्री से सामाजिक वातावरण प्रभावित हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की।

सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल की बैठक



कुंभराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा, जनकल्याण एवं सुशासन के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से 7 अक्टूबर को गुना में आयोजित होने वाली "सेवा ज्योति यात्रा" की तैयारियों को लेकर विधायक कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना ने कार्यकर्ताओं को यात्रा की तैयारियों और अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यकर्ताओं ने 7 अक्टूबर को गुना पहुंचकर यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नशे से परिवार और भविष्य दोनों बर्बाद, नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाचौड़ा में सोमवार को छात्राओं ने नशामुक्ति को लेकर नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी। छात्राओं ने नाटक के माध्यम से बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, चरस और शराब जैसे नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों को प्रदर्शित किया।

नाटक में बताया गया कि नशे की लत व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब करने के साथ उसका करियर और पूरा परिवार भी बर्बाद कर देती है। नशे के कारण घर में अशांति, बीमारी और आर्थिक परेशानियां बढ़ती हैं तथा हंसता-खेलता परिवार बिखर जाता है। नाटक के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम में आरती शर्मा, सुधा शर्मा, पूजा शर्मा, उषा साहू, साधना चौकसे, इंदु ठाकुर, नर्मदा श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। प्राचार्य डॉ. विनायक चोपड़ा ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक है।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जांची 400 छात्रों की सेहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी राघौगढ़ डॉ धर्मेन्द्र श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को स्थानीय केंद्रीय विद्यालय में एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ देवेन्द्र सोनी, डॉ महेन्द्र यादव, डॉ गौरव, नेत्र सहायक प्रतिभा जैन, अमन शर्मा एवं राजू मेर द्वारा विद्यालय के लगभग 400 छात्र - छात्राओं का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान टीम ने विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य, आंखों की जांच, दांतों की जांच एवं सुरक्षा तथा सामान्य मौसमी बीमारियों से बचाव से जुड़े पहलुओं की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए गए। कुछ बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह और दवाइयां भी सुझाई गईं। शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य कविता जैन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की सभी पूर्व तैयारियाँ समय रहते पूरी की गईं। उन्होंने स्वयं शिविर में उपस्थित रहकर पूर्ण सहयोग किया।

महाविद्यालय में पूर्व छात्रों ने साझा किए अपने अनुभव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

स्थानीय महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के तत्वावधान में एक भव्य एवं गरिमामयी पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी पूर्व छात्र-छात्राओं का फूल-मालाएँ पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत की इस बेला में छात्रा मुस्कान मीना ने एक सुंदर कविता के माध्यम से सभी पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पूनम नामदेव ने एल्यूमिनी मीट के मुख्य उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए छात्र विकास, संस्था के विकास और इन दोनों के सहयोगात्मक प्रयासों से समाज के उत्थान पर विस्तार से प्रकाश डाला। संस्था की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते ने अपने स्वागत भाषण में सभी पूर्व छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे संस्था की प्रगति में अपना सक्रिय एवं सकारात्मक योगदान दें। पूर्व छात्र के रूप में प्रोफेसर हिंदू सिंह धाकड़ ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के प्राध्यापकों और सकारात्मक परिवेश को देते हुए, पुस्तकालय को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों का उपहार देने का आश्वासन दिया। ।

एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवसः बच्चों को खिलाई गोली



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के उत्कृष्ट विद्यालय पठार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में तथा पूर्व विधायक जजपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पूर्व विधायक ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।

यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका द्विवेदी के संरक्षण में तथा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत, जिला टीकाकरण अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उद्देश्य एवं महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि पेट में कृमि होने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी, एनीमिया, कमजोरी तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। नियमित कृमिनाशक दवा का सेवन बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली के महत्व के बारे में समझाया और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात बच्चों को एक-एक कर एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी, विद्यालय के प्राचार्य बी.के. बमुरिया, परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रजनी छारी, डीसीएम आनंद माथुर, कंसल्टेंट नागेंद्र रघुवंशी, पंकज शर्मा, त्प्ड प्रियंका सोनी, क्टै प्रभारी के.पी. साहू, यशवंत रघुवंशी, जिला मलेरिया सलाहकार, अरविंद रघुवंशी, विनय नेमा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं विद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



मतदाता सूची में नाम जोड़ने विशेष कैंप का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मतदाता जगरूकता अभियान 18-19 आयु वर्ग के नवीन मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने हेतु विशेष कैम्प के अन्तर्गत मंगलवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसी शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में विद्यार्थियों के लिये कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की एवं 54 विद्यार्थियों को निर्वाचन नामावली में नाम जुड़वाने हेतु फार्म 6 प्रदान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मोना यादव द्वारा विद्यार्थियों को निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विशाल नरवरिया ने विद्यार्थियों को फार्म 6 भरने एवं अपना नाम ग्रामीण निर्वाचन नामावली में जुड़वाने हेतु जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष सहभागिता समिति सदस्यों डॉ. सुधा टेटवाल, डॉ.ब्रजकिशोर, जितेन्द्र ओझा, गायत्री नामदेव, अरविन्द कौशिक, डॉ. आनंद भारतीय, गौरीशंकर गुप्ता एवं सुमित सोनी द्वारा की गई एवं कार्यक्रम का सफल बनाया गया ।

विकसित भारत संकल्प सभा का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति संकल्प यात्रा अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन 7 अक्टूबर 2026 को जिला मुख्यालय पर संशोधित स्थान बिमानों का चबूतरा पछाडीखेडा रोड अशोकनगर पर प्रातः 09 बजे से किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रातः 09.45 बजे प्रधानमंत्री वचुअली जुड़ेंगे और प्रधानमंत्री का उद्बोधन होगा। प्रधानमंत्री उद्बोधन के पश्चात दिल्ली के मुख्य समारोह में सेवा ज्योति को प्रज्वलित किया जाएगा।

दिल्ली में सेवा ज्योति प्रज्वलित होने के बाद सभी जिलों में कार्यक्रम के अतिथिगण द्वारा सेवा ज्योति को प्रज्वलित किया जाएगा। जिस मशाल से जिला स्तरीय कार्यक्रम में सेवा ज्योति को प्रज्वलित किया जाएगा, उसी मशाल से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की सेवा ज्योति को भी प्रज्वलित किया उजायेगा। ज्योति प्रज्वलन के बाद जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से उपस्थित नागरिक अपने क्षेत्र की सेवा ज्योति मशाल के साथ अपनी-अपनी विधानसभाओं के लिए प्रस्थान करेंगे ओर विधानसभा क्षेत्र में सेवा यात्रा निकाली जाएगी। विधानसभा क्षेत्र की सेवा ज्योति यात्रा का नेतृत्व संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सम्मिलित होगें। कलेक्टर साकेत मालवीय ने सेवा ज्योति संकल्प यात्रा अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा के जिला स्तरीय कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

श्राद्ध पक्ष में भक्ति की रसधारा कृष्ण जन्मोत्सव ने मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्राद्ध पक्ष के पावन अवसर पर अशोक कुमार शर्मा एवं समस्त परिवारजनों द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा 8 अक्टूबर तक चलेगी कथा का आयोजन बमनाई हवेली के पास, हिंन्नोदा चक्क, श्री ब्रह्मोंड महाराज के स्थान पर किया जा रहा है।

कथा के दौरान श्रीमद् संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का सुंदर एवं भक्तिमय आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में कल श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मनोहारी चित्रण किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग के साथ उनकी बाल लीलाओं एवं जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का सुंदर वाचन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस धार्मिक आयोजन में आयोजनकर्ता अशोक कुमार शर्मा, श्रीराम कुमार शर्मा, शिव कुमार शर्मा एवं समस्त परिवारजन सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। साथ ही हिंन्नोदा चक्क के सरपंच पम्मा (परमपाल सिंह पम्मा) एवं दर्शन सिंह द्वारा भी आयोजन में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आयोजक परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति का लाभ लेने का आग्रह किया है।

अध्यात्म का आश्रय लेने वाला कभी अशान्त नहीं रहताः मुनि श्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने संसार में अशान्ति के तीन कारण बताए और कहा कि इन तीन कारणों में कत्रतापन,भोक्तापन,स्वामित्वपन है। इन तीनों के कारण विसंवाद होते हैं। विसंवाद में अशान्ति होती है। यह तीनों भाव छूट जायें तो विसंवाद भी समाप्त और अशान्ति से भी मुक्ति मिल सकती है।

उन्होंने कहा कि अध्यात्म में बंधन नहीं होता, किसी के साथ सम्बन्ध भी नहीं होता। अध्यात्म की दृष्टि में जीव अकेला होता है। मैं अकेला था, अकेला हूँ, अकेला रहूँगा। जब यह रहस्य उद्घाटित हो जाता है, तब विसंवाद होने का सवाल ही नहीं उठता। पूज्य गुरुदेव कहते थे कि कलह या विसंवाद कम से कम दो व्यक्तियों के बीच होता है तथा जहाँ पर विसंवाद होता है वहाँ असत्य अवश्य रहता है। असत्य के बिना कलह सम्भव नहीं। विसंवाद के समय एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप होते हैं, फलस्वरूप अशान्ति का वातावरण बनता चला जाता है।

उन्होंने कहा कि कर्तृत्व, भोक्तृत्व एवं स्वामित्व बुद्धि के कारण ही दुनिया पागल हो रही है।कर्तृत्व के कारण अहं क्रिया पुष्ट होती है। भोक्तृत्व के कारण लोभ कषाय के साथ-साथ अहं क्रिया पुष्ट होती है। स्वामित्व के कारण जो अपना नहीं है, उस पर भी अपना अधिकार जमाना चाहते हैं। दूसरों को किंकर बनाकर स्वयं स्वामी बनना चाहते हैं। उक्त तीनों बुद्धि के कारण ही सारा संसार अशान्ति का अनुभव कर रहा है। अतः अगर शान्ति चाहते हो तो कर्तृत्वादि बुद्धि से विमुख होने का प्रयास करो। अध्यात्म का चिन्तन, एकत्व तत्त्व के प्रति श्रद्धालु होना यह अत्यन्त सौभाग्य की बात है। अध्यात्म का आश्रय लेने वाला कभी अशान्त नहीं रहता। अध्यात्म के द्वारा समस्त अशान्ति के कारणों का निराकरण किया जा सकता है।



लायंस क्लब की पहल

अशोकनगर। लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड एवं कुपोषित बच्चों के वार्ड में मरीजों की सुविधा के लिए बेडशीट एवं डोरमेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. देवेश भार्गव को बेडशीट एवं डोरमेट प्रदान किए गए। लायंस क्लब द्वारा अस्पताल में मरीजों एवं जरूरतमंदों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संजय रघुवंशी, डॉ. राजेश कुमार, अभिजीत जैन हरी सिंह रघुवंशी, सुयोग जैन, प्रवीण रघुवंशी एवं विकास रघुवंशी सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पीस पोस्टर प्रतियोगिता में बच्चों ने पोस्टर तैयार किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन संतोष चंदेल की अध्यक्षता में सेवा सप्ताह के अंतर्गत पीस पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की। यह आयोजन एपीएस स्कूल गुना रोड में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक रही एम जे एफ लायन वैशाली सलूजा क्लब डायरेक्टर एवं लायन प्रियंका मेहता। प्रतिस्पर्धा में 4जी क्लास से 8जी क्लास तक के करीब 50 बच्चों ने भाग लिया। पीस पोस्टर कंपटीशन की थीम थी मानवता में सदभाव। बच्चों द्वारा बहुत सुंदर सुंदर पेंटिंग्स बनाई गई। वैशाली सलूजा ने बच्चों को सेवा सप्ताह का महत्व बताया और लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से भी अवगत कराया। बच्चों में विश्व शांति और एकता और सामंजस्य के भाव को जागृत करने के उदेश्य से यह प्रतिस्पर्धा कराई जाती है। बच्चों को 2 कैटेगरी के अनुसार प्रथम और द्वितीय पुरूस्कार दिए गए। स्कूल के प्राचार्य प्रिंस सोनी एवं धर्मेंद्र रघुवंशी का क्लब द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

खबर संक्षेप

अज्ञात चोर बाईक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत थूवोन निवासी राघवेन्द्र चैहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शासकीय स्कूल सूरेल के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 जेड सी 0833 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बाईक की टक्कर से युवक घायल

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम खानपुर पिपरई निवासी अरेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 एमसी 6644 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटे आईं हैं पुलिस ने बाईक चालक पर मामला दर्ज किया है।

निर्वाचन आयोग ने दिए आवश्यक निर्देश

अशोकनगर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वीडियों कान्फ्रेंस में जिला स्तर पर अपर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह ने भाग लिया। निर्वाचन आयोग द्वारा छूटे हुए मतदाता तथा प्रथम वार युवा मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। निर्देशों में कहा गया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर 07,08 एवं 08 अक्टूबर को मतदाताओं के नाम जोडने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। छूटे हुए मतदाता तथा नवीन मतदाताओं के फॉर्म 6 भरवाये जाएं। फॉर्म 6 के साथ घोषणा पत्र भरे जाने से छूट रहेगी। निर्वाचन आयोग द्वारा बताया गया कि मतदाता अपने नामों की पुष्टि ईसीआई पोर्टल पर तथा भारत निर्वाचन आयोग की बेवसाईट पर कर सकते है। छूटे हुए मतदाता तथा नवीन मतदाता ऑनलाईन फॉर्म 06 भर सकते है। कॉलेजों में बीएलओ जाकर नये मतदाताओं के ऑनलाईन फॉर्म 6 भरवा सकते है। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए।

दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

अशोकनगर। थाना पिपरई पुलिस द्वारा दुष्कर्म के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि 17 अगस्त को फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी सोनू अहिरवार के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाना पिपरई में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी पिपरई को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गयाा घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना पिपरई पुलिस द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई तथा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश तेज की गई। पुलिस द्वारा आरोपी की चल-अचल संपत्ति संबंधी जानकारी भी एकत्रित की गई। फरियादिया का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के साथ न्यायालयीन कथन भी कराए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी पिपरई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सतत प्रयास एवं सक्रियता के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया।

आंतरिक शांति व ध्यान पर पांचवां सत्र आयोजित

अशोकनगर। पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में हार्टफुलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आंतरिक शांति एवं ध्यान विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ध्यान, आत्मचिंतन, मानसिक शांति एवं सकारात्मक जीवनशैली के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस जिला समन्वयक महेंद्र रघुवंशी एवं कॉलेज समिति सदस्य गायत्री नामदेव तथा अरविंद कौशिक द्वारा विद्यार्थियों को ध्यान की प्रक्रिया एवं उसके मानसिक तथा व्यक्तित्व विकास संबंधी लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

हत्या की शर्मनाक घटना का एसपी ने खुलासा किया, मां ने बेटे की चाह में बेटी को मारा

कलयुगी मां ने जिस बेटी को 9 माह अपनी गर्भ में रखा उसके जन्म लेते ही घोंटा गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





इतिहास के पन्नों में मां की ममता के उदाहरण दिए जाते हैं, मां को दुनिया में भगवान के बाद सबसे अधिक पूजा जाता है। क्या एक मां इतनी निर्दयी हो सकती है जो अपने ही संतान को 9 माह तक गर्भ में रखने के बाद जन्म देने पर सिर्फ बेटी होने के कारण उसका गला घोंट सकती है। यह घटना अत्यंत शर्मशार करने वाली घटना है इस घटना ने मां की उस पदवी को कलंकित किया है जिसे इतिहास में सर्वोच्च दर्जा दिया जाता है। यह पूरी कहानी उस शर्मनाक घटनाक्रम से जुड़ी है जिसमें चंदेरी क्षेत्र के ग्राम सकर्रा की रहने वाली भावना पत्नि केदार विश्वकर्मा ने अशोकनगर जिला अस्पताल के प्रसूती वार्ड में एक नवजात बालिका को जन्म दिया था।

बालिका पूरी तरह स्वस्थ्य थी, लेकिन मां को बेटी की चाह नहीं थी

बालिका पूरी तरह स्वस्थ्य जन्मी थी लेकिन उसका दोष यह था कि वह उस मां के घर जन्मी थी जिनके यहां बेटियां तो पहले से थीं लेकिन आगे बेटी न हो इसलिए पूरा परिवार आने वाले बेटी को अभिशाप मानकर चल रहा था जिससे भावना विश्वकर्मा भी डरी हुई थी, वह पहले ही एक बेटी की मां थी और पूरा परिवार यह सपना सजोंकर आया था कि उनके यहां जो संतान होने वाली है। वह बेटा होगा, बस यहीं से मां की नफरत उसके ही द्वारा जन्म देने वाली बेटी के प्रति बदलती चली गई और मां ने कंबल में सो रही बेटी का अपने ही हाथों से गला दवा दिया। इस घटना में यह कृत्य करने के बाद जब उसने देखा कि बेटी के मुंह से खून आ गया है तब उसने अपनी सांस को बताया और डॉक्टर के पास ले जाया गया, तब डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस कलयुगी मां के हाथ अपनी ही बेटी का गला दबाने के दौरान कांपे नहीं होगें, उस बेटी ने इस संसार में आने के बाद कुछ घण्टों की ही सांस ली और अपनी मां के स्तन से दुग्धपान करने के बाद हमेशा के लिए उसकी सांसे थम गईं। यह पूरा घटनाक्रम झगझोर देने वाला है।

जिले में पहली बार ऐसी घटना सामने आई

अशोकनगर जिले में इस तरह की पहली घटना सामने आई है कि जब मां ने अपनी ही संतान का गला दबाया है। इस तरह के मामले तो कईं सामने आए हैं जिनमें लोक लाज से बचकर अनेक महिलाओं ने अपनी ही संतानों को मारने की जगह ऐसे स्थान पर छोड़ दिया जो खुली हवा में सांस ले सकें। ऐसे आज कितने ही परिवार हैं जो संतान को लेकर डॉक्टरों के चक्कर काट रहे हैं और एक मां ऐसी है जो संतान होने के बाद भी उससे जीने का अधिकार छीन चुकी है।

एसपी ने शर्मनाक हादसे का खुलासा किया

इस शर्मनाक हादसे का खुलासा करते हुए एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि अशोकनगर जिले में इस तरह की घटना पहले कभी सुनने में नहीं आई। इस घटना को लेकर बताया गया कि 3 अक्टूबर को जिला अस्पताल में एक नवजात बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना प्राप्त हुइ थी। चिकित्सकीय परीक्षण में बालिका की मृत्यु सामान्य न होकर गला दबाने से होना पाए जाने पर थाना कोतवाली में मर्ग का प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जब जांच की गई और पुलिस टीम द्वारा जिला अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, तब प्रसूता वार्ड के भीतर सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध न होने से घटना की कड़ी जोड़ना चुनौतीपूर्ण था। पुलिस ने मृतिका के परिजनों से पृथक- पृथक पूछताछ की तथा उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया।

मां ने हत्या की घटना स्वीकार की

जांच के दौरान पुलिस का संदेह मृतिका की मां पर गया। अस्पताल में चिकित्सकीय अनुमति एवं आवश्यक संवेदनशीलता के साथ 5 घण्टे तक महिला पुलिस द्वारा लगातार पूछताछ किए जाने पर मां ने नवजात बालिका की गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में उसने बताया कि पूर्व में भी एक पुत्री थी तथा परिवार में पुत्र होने की अपेक्षा संबंधी बातें सुनकर वह इस बार पुत्र होने की उम्मीद कर रही थी। दिनांक 02.10.2026 की रात्रि लगभग 11.30 बजे पुत्री के जन्म के बाद दोबारा बेटी होने से वह मानसिक रूप से विचलित हो गई और आवेश में आकर अपनी नवजात पुत्री का गला दबा दिया। उसे परिवार की ओर से बेटी को जन्म देने के कारण ताने मिलने का डर था इसीलिए उसने परिवार के दबाव से बचने के लिए अपनी ही बेटी का गला दवा दिया।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झागर बमुरिया निवासी आदित्य यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल रघुवंशी और उसके 3 साथियों ने किश्त के विवाद को लेकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी बबलू पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी किशनलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नानौन निवासी राजकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बॉबीराजा,रणवीर सिंह और अरूण बुन्देला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरसी निवासी सुनील रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत, नीरज और रानू रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फजलपुर निवासी शिशुपाल बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नन्हेराजा, नीलेश, शिवराज और कन्छेदी बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भ्याना निवासी बद्रीप्रसाद तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी मयूर राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमन, अजय, विष्णु राठौर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अजय राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विनोद, मंयक, मयूर, अर्जन राठौर ने उससे मारपीट की।



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का 48वां स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय मजदूर संघ का सहयोगी एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ से संबंध मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का 48वां स्थापना दिवस अशोकनगर के सरस्वती शिशु मंदिर गौशाला रोड पर समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता संतोष शर्मा अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, मुख्य अतिथि रामवीर सिंह रघुवंशी प्रदेश मंत्री वरिष्ठ नागरिक परिषद मध्यप्रदेश, विशिष्ट अतिथि हरि सिंह रघुवंशी हैरी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, विष्णु साहू सचिव मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, महेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष सेवा भारती शिशुपाल सिंह यादव मंत्री भारतीय मजदूर संघ ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शुरुआत में संतोष शर्मा ने बताया कि संघ की स्थापना 6 अक्टूबर 1978 में जन-जन के नायक युगपुरुष दंतोंपंत ठेंगड़ी ने की आज हम 48 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। संगठन की विचारधारा से सदन में उपस्थित सभी को अवगत कराया। मजदूर संघ के मंत्री शिशुपाल यादव ने संगठन की कार्यशैली से अवगत कराते हुए बताया कि आज शिक्षकों की समस्या टेट परीक्षा, वरिष्ठता इत्यादि को दूर कराना है। संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बोल दिया।

हरि सिंह रघुवंशी हैरी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ ने बताया कि हमारा संगठन देश का प्रथम संगठन है। शिक्षकों की समस्या से वरिष्ठ नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। 26 अक्टूबर को देश व्यापी आंदोलन भोपाल में होने जा रहा है जिसमें सभी से बड़ी संख्या में जाने हेतु आग्रह किया। महेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष सेवा भारती ने बताया कि संगठन को गति दी जावे एवं प्रतिमाह बैठक हो, कार्यकारिणी की शीघ्र घोषणा हो। हमारा संगठन राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर कार्य करने वाला देश का एकमात्र संगठन है।

विमर्श जागृति मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन में जिले को मिला उत्कृष्ट शाखा का पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विमर्श जागृति मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन अतिशय क्षेत्र तिजारा जी मै सम्पन्न हुआ जिसमै देश भर से भारी संख्या में शाखाओं एवं गुरुभक्तों ने भाग लिया। अशोकनगर शहर से विमर्श जागृति मंच के 31 सदस्यों ने सहभागिता कर गुरुवर का आशीर्वाद एवं वरिष्ठ नेतृत्व से दिशा-निर्देश प्राप्त किये। अधिवेशन में किये कार्यो के आधार पर पुरूस्कार दिये गये।

अशोकनगर शाखा अध्यक्ष संजय सिंघई ने बताया कि विमर्श जागृति मंच के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुभाष जैन कैंची की अध्यक्षता में आयोजित इस अधिवेशन में शाखाओं को उनके कार्यों की रिपोर्ट के आधार पर पुरुस्कृत किया गया। विमर्श जागृति मंच अशोकनगर, बड़ौत एवं जतारा उत्कृष्ट शाखा चुनी गई उन्हें सम्मानित किया गया तथा जिनागम पंथी श्रावक संघ दिल्ली को भी उत्कृष्ट पुरुस्कार मिला। सराहनीय पुरुस्कार विमर्श जागृति मंच शाखा टीकमगढ़ एवं जिनागम पंथी श्रावक संघ सहारनपुर को मिला। महामंत्री के रूप में प्रवीन जैन बड़ौत ने राष्ट्रीय मंत्री ने सभी शाखाओं की रिपोर्ट संकलित की। अधिवेशन का सफल संचालन वरदान जैन ने किया। अध्यक्षीय उदबोधन में सुभाष जैन कैंची ने सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों एवं गुरुभक्तों का स्वागत करते हुए संस्था के गठन पर प्रकाश डाला एवं कहा कि हम सन्तवाद-पंथवाद से परे हटकर सक्रिय रूप से समाज की सेवा करें एवं अपने गुरु का नाम सदैव ऊंचा रखें। हमें अपने कार्यो से जिनागम का संदेश घर-घर में पहुचांना है।गुरुदेव के निर्देशों के अनुपालन में हम अपनी पूरी सामर्थ से कार्य करें।पूरी राष्ट्रीय कार्यकारिणी आपके सहयोग हेतु तत्पर है।

अशोकनगर शाखा की रिपोर्ट राष्ट्रीय उप मंत्री विनोद भारिल्ल ने प्रस्तुत की। अधिवेशन में विमर्श जागृति महिला मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष सिम्मी जैन ने भी सम्बोधित किया। परम पूज्य भावलिंगी संत गुरु विमर्श सागर जी ने अपने प्रेरक उदबोधन में सभी सदस्यों को अपने आस-पास के तीर्थों की पूर्ण जानकारी रखने एवं उनके विकास के लिए कार्य करने का आव्हान किया। आपने सेवाकार्यो में और अधिक सक्रियता लाने को कहा। बच्चों को संस्कारित करने के लिए संस्कार शिविर लगाने की प्रेरणा दी। संस्था में एडवोकेट एवं पत्रकारों को शामिल करने के निर्देश भी दिए। कहाकि कोरोना काल के बाद यह अधिवेशन हो रहा है इसके लिए तिजारा की प्रबन्धकारिणी समिति बधाई की पात्र है। विमर्श जागृति मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ओर से तिजारा के अध्यक्ष मुकेश जैन एवं पूरी प्रबन्धकारिणी समिति को सम्मान पत्र भेंट किया गया।



निराकरण के निर्देश

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 149 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 149 आवेदकों ने आवेदन दिए।

जनसुनवाई में अशोकनगर वार्ड क्रमांक 22 निवासी घनश्याम कुशवाह द्वारा बी.पी.एल कार्ड चालू कराये जाने,पिपरई निवासी बब्ली अहिरवार द्वारा बी.पी.एल कार्ड बनवाये जाने, अशोकनगर निवासी कृष्णाबाई जोगी द्वारा आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कराये जाने,ग्राम सुरेल निवासी कप्तान आदिवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम राजेबामोरा निवासी घनश्याम अहिरवार पट्टा अमल कराये जाने,ग्राम राजपुर निवासी हरिचरण बाल्मीक द्वारा भूमि पर से कब्जा हटवाये जाने,ग्राम बरोदिया निवासी मुन्नालाल अहिरवार द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम सोनेरा निवासी धमेन्द्र रघुवंशी द्वारा कम स्कोर बाले अतिथि शिक्षक को रखे जाने के संबंध में,ग्राम टकनेरी निवासी रघुवीर आदिवासी द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा किये जाने,वार्ड 21 चंदेरी निवासी लीलाबाई कुशवाह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम खैरालालोई निवासी संग्राम आदिवासी द्वारा पट्टा अमल कराये जाने, ग्राम बैलई निवासी आनंदी आदिवासी द्वारा भूमि पर कब्जा किये जाने,ग्राम बरोदिया निवासी जहान सिंह यादव द्वारा नामांतरण कराये जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किये जाने के निर्देश दिए है।

9 आरोपी पकड़े गए, विद्युत तार और वारदात में प्रयुक्त वाहन सहित करीब 21.50 लाख की सामग्री बरामद

बिजली के खम्बों से तार चोरी करने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिले में आए दिन बिजली के खम्बों से तार चोरी होने के लगातार मामले सामने आ रहे थे अब तक सेकड़ो मीटर बिजली के खम्बों का तार चोरी हो चुका है, यह आरोपी बिजली के खम्बों से उस समय तार चोरी कर लेते हैं जब विद्युत प्रवाह नहीं रहता या विद्युत प्रवाह को रोककर यह घटना की जाती है। पुलिस ने इस घटना में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें 6 आरोपी उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के जखौरा थाने के रहने वाले हैं जबकि 3 आरोपी अशोकनगर के कबाड़ी है जो बिजली का तार खरीदने का काम करते थे।

विद्युत तार के साथ वाहन भी जप्त किए गए

एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना सेहराई द्वारा विद्युत तार चोरी के प्रकरण में 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए विद्युत तार, चोरी करने के उपकरण सहित एक बोलेरो कार, एक बोलेरो पिकअप एवं एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, कुल लगभग 21,50,000 बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है।

तार चोरी के आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया

उल्लेखनीय है कि फरियादी महेश्वर धुर्वे द्वारा विद्युत तार चोरी किए जाने की रिपोर्ट पर थाना सेहराई में अप.क्र. 246/2026, धारा 303(2) बीएनएस एवं धारा 136 भारतीय विद्युत अधिनियम (संशोधन) 2003 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्धों की तलाश की गई। मुखबिर की सूचना पर खिरिया पठारी रोड से संदिग्ध आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ एवं मेमो के आधार पर आरोपियों द्वारा विद्युत खंभों से विद्युत तार काटकर बोलेरो पिकअप में लोड कर ले जाना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही एवं कब्जे से चोरी के विद्युत तार, वारदात में प्रयुक्त उपकरण तथा वाहन विधिवत जप्त किए गए। जब यह आरोपी वाहन में तार रख रहे थे उसी समय पुलिस ने इन्हे घेर लिया।



पुलिस ने इन आरोपियों को गिरफ्तार किया

इन आरोपियो में ओमकार पुत्र विक्रम लोधी, उम्र 27 वर्ष, निवासी बिनेकामाफी, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,पुष्पेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिंह लोधी, उम्र 22 वर्ष, निवासी घुरवारा, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,तेज सिंह उर्फ दीपेश पुत्र परसराम लोधी, उम्र 20 वर्ष, निवासी किशलवास, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,उजागर उर्फ झक्कू पुत्र श्रीराम लोधी, उम्र 31 वर्ष, निवासी किशलवास, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,कुश पुत्र राजेन्द्र सिंह लोधी, उम्र 22 वर्ष, निवासी किशलवास, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,नीतेश पुत्र ब्रजेश जोशी, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 07, शंकर कॉलोनी, अशोकनगर।,अरूण पुत्र दिनेश जैन, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 06, गोकुलधाम कॉलोनी, अशोकनगर ,राजेन्द्र पुत्र कन्छेदीलाल साहू, उम्र 38 वर्ष, निवासी त्रिलोकपुरी कॉलोनी, अशोकनगर ,ऋषभ पुत्र सुमित जैन, निवासी टीव्हीएस शोरूम के पास, अशोकनगर शामिल हैं।

चोरी किए गए विद्युत तार,विद्युत तार चोरी करने के उपकरण,01 बोलेरो कार,01 बोलेरो पिकअप,01 एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल कुल अनुमानित कीमत 21.50 लाख। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा थाना चंदेरी के कुंवरपुर एवं विक्रमपुर क्षेत्र, थाना पिपरई, थाना बहादुरपुर, थाना कचनार एवं थाना नईसराय क्षेत्र में भी विद्युत तार चोरी की घटनाओं में शामिल होना बताया गया है। उक्त घटनाओं के संबंध में पुलिस द्वारा विस्तृत पूछताछ एवं अनुसंधान किया जा रहा है। प्रकरण में शिवराम सेन निवासी सिरसी, थाना जखौरा की भूमिका भी सामने आई है, जो वर्तमान में फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

स्वास्थ्य महकमे की सुस्ती और लचर निगरानी का फायदा उठा रहे झोलाछाप

बिना किसी वैध डिग्री के मेडिकल स्टोरों की आड़ में मरीजों की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



बाहर मेडिकल, अंदर अवैध क्लीनिक

शहर में बड़ा ही खतरनाक खेल चल रहा है। बाहर से देखोगे तो सिर्फ एक साधारण मेडिकल स्टोर नजर आता है लेकिन पर्दे के पीछे की सच्चाई रोंगटे खड़े कर देने वाली है। मेडिकल स्टोर के पिछले हिस्से में बाकायदा स्ट्रेचर बेड और ग्लूकोज की बोतलें टांगने के इंतजाम किए गए हैं। मेडिकल लाइसेंस की आड़ में अंदर पूरा का पूरा अवैध क्लीनिक संचालित हो रहा है जहां दवा बेचने की जगह धड़ल्ले से मरीजों को भर्ती कर इलाज का नाटक रचा जा रहा है।

इनका कहना है

सभी मेडिकल क्लिनिकों की हम जांच करेंगे। अगर कोई मेडिकल के अंदर क्लिनिक चला रहे हैं और जितने भी अवैध क्लिनिक चल रहे हैं सभी पर ठोस कार्यवाही करेंगे।

सैफ जलाल उदीन, सीबीएमओ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों के कारण झोलाछाप डॉक्टरों ने तांडव मचा रखा है। झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा जिले की भोलीभाली जनता का नकली दवाई इंजेक्शन के माध्यम से इलाज किया जा रहा है। जिसके चलते मरीजों को स्वास्थ्य शरीर की जगह और अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जहां मरीज अपना इलाज करवा कर अपनी काया को सही करवाने के लिए पहुंचता है, वहीं उसकी हालात आगे चलकर खराब हो जाती हैं। ऐसे लोगों पर आज तक लंबे समय से विभाग द्वारा कोई सख्ती नहीं दिखाई गई है।

ऐसा ही मामला ब्यावरा शहर में सहित जिलेभर में स्वास्थ्य महकमे की सुस्ती और लचर निगरानी का फायदा उठाकर झोलाछाप डॉक्टरों और फर्जी क्लीनिकों का कारोबार पंख पसार चुका है। आलम यह है कि बिना किसी वैध डिग्री के गली-कूचों और मेडिकल स्टोरों की आड़ में डॉक्टर बने ये मौत के सौदागर रोजाना सैकड़ों बेबस मरीजों की जिंदगी से सरेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। क्लीनिक के अंदर एमबीबीएस डॉक्टर जैसे गले में आला और कुर्सी लगा कर बैठे रहते हैं। शहर की गलियों में कदम रखते ही आपको जगह-जगह ऐसे सुरमा मिल जाएंगे जो गले में आला टांगकर खुद को किसी बड़े एमबीबीएस डॉक्टर से कम नहीं समझते। बिना किसी मेडिकल योग्यता या डिग्री के ये झोलाछाप डॉक्टर न सिर्फ गंभीर बीमारियों का इलाज करने का दावा ठोक रहे हैं बल्कि धड़ल्ले से हैवी दवाइयां लिख रहे हैं।

एक ही सीरीज से कई मरीजों को लगा रहे इंजेक्शन, मंडरा रहा बीमारियों का खतरा

संक्रमण और स्वच्छता के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ये नीम-हकीम एक ही सुई से 3 से 4 मरीजों को बेधड़क इंजेक्शन ठोक रहे हैं। री-यूज की जा रही सिरिंज से एचआईवी जैसी जानलेवा बीमारियों के फैलने का भयानक खतरा बना हुआ है। चंद रुपयों के लालच में मरीजों की नसों में सीधे जहर घोला जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग क्यों साधे है चुप्पी?

इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस फर्जीवाड़े के बावजूद स्थानीय स्वास्थ्य विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। समय-समय पर विभागीय कार्रवाई महज कागजी खानापूर्ति और दिखावे तक सीमित रह जाती है। कोई ठोस और कड़ी कार्रवाई न होने के कारण इन झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि इन्हें कानून का जरा भी खौफ नहीं रहा। अब देखना यह होगा कि इस खबर के बाद बेखबर बैठा स्वास्थ्य प्रशासन जागता है या फिर ब्यावरा की जनता यूं ही इन झोलाछापों के भरोसे अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर रहेगी!

मंडी में फसल का उचित भाव नहीं मिलने पर किसानों ने पचोर-जीरापुर हाईवे पर लगाया जाम

सोयाबीन का उचित दाम नहीं मिलने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर



स्थानीय कृषि उपज मंडी में मंगलवार शाम सोयाबीन की उपज के उचित दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने हंगामा कर दिया। देखते ही देखते किसानों ने पचोर-जीरापुर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। किसानों का आरोप है कि सोयाबीन की फसल अच्छी होने के बावजूद व्यापारी उनकी उपज उचित भाव पर नहीं खरीद रहे हैं। किसानों का कहना है कि व्यापारी अपनी मनमर्जी से फसल के दाम तय कर रहे हैं, जिससे उन्हें उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

किसानों ने मंडी में भोजन, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हंगामे और हाईवे जाम की सूचना मिलने पर लीमाचौहान और छापीहेड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसानों से चर्चा कर समझाइश दी, जिसके बाद दो घंटे से अधिक समय तक चला हंगामा शांत हुआ और यातायात व्यवस्था बहाल कराई गई। किसानों ने सोयाबीन की उपज का उचित मूल्य दिलाने और मंडी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

इनका कहना है...

किसानों द्वारा जाम लगाया था मौके पर पहुंच जाम खुलवाया। भाव को लेकर किसानों को संतुष्ट किया है।

उमाशंकर मुकाती, थाना प्रभारी छापीहेड़ा

निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण को लेकर बैठक आयोजित

सारंगपुर। निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी जय सोलंकी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने और अपात्र नामों के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा हुई। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, भाजपा नेता निर्मल जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, अश्वेंद्र छाबड़ा, महेश सोनी, कमल राठौर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बीजासन माता मंदिर समिति ने नवरात्रि पर्व उल्लास से मनाने के लिए बैठक का किया आयोजन



जीरापुर। स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला में बीजासन माता मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि उत्सव को हर्ष उल्लास से मनाने लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बीजासन माता मंदिर पर नौ दिवसीय नवरात्रा महोत्सव उत्सव उल्लास एवं धार्मिक आस्था श्रद्धा भाव से मनाने सहित सहयोग राशि पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने आर्थिक रूप से सहयोग राशि भेंट की। आयोजन की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में उपस्थित गणमान्य जनों ने अपने अपने विचार रखे। जहां पर सर्वप्रथम बीजासन माता के चित्र पर माल्यार्पण पुजा अर्चना करके आरती बीजासन माता मंदिर के सेवादार ओमप्रकाश पांचाल एवं अन्य वरिष्ठ जनों ने उतारी तद उपरांत बैठक कि कार्यवाही शुरू की गई। संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए नवरात्रा महोत्सव सौहार्द से मनाने की बात रखी। समिति सदस्य संजय गुप्ता हार्ड वेयर ने समिति द्वारा होने वाले आयोजन की रूपरेखा एवं आर्थिक सहयोग देने वाले सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

निरीक्षण में मंत्री टेटवाल ने परखी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

डायलिसिस यूनिट में मरीजों से किया संवाद, पैथोलॉजी मशीनों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मंगलवार को सारंगपुर सिविल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अचानक अस्पताल पहुंचे मंत्री ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण करते हुए मरीजों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री टेटवाल ने पैथोलॉजी विभाग पहुंचकर वहां संचालित मशीनों और जांच व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने जांच प्रक्रिया, उपलब्ध संसाधनों और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण किया। यहां उपचाररत मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य और उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री दीनदयाल रसोई पहुंचे, जहां उन्होंने जरूरतमंदों को वितरित किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की। उन्होंने स्वयं भी भोजन कर व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री ने भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ रसोई में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा मंत्री टेटवाल ने अस्पताल में आयोजित नेत्र शिविर का निरीक्षण किया और जरूरतमंद मरीजों को चश्मे वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, रोगी कल्याण समिति सदस्य सुधीर श्रीमाल, भाजपा महामंत्री कमल राठौर सहित अस्पताल स्टाफ और आमजन मौजूद रहे।



पुलिस ने निकाली हेलमेट रैली सुरक्षा का दिया संदेश

जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगर में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा का संदेश देते हुए थाना प्रभारी होकमसिंह मीणा ने बताया कि हेलमेट लगाकर वाहन चलाने से व्यक्ति अकस्मात होने वाली दुर्घटना से सुरक्षित रहता है इसलिए हमेशा टू-व्हीलर वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनकर चलें। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने नगर में जागरूकता की पहल कर हेलमेट लगाकर सुरक्षा का संदेश दिया।

नगर के डग रोड स्थित रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के विधार्थी भी रैली में शामिल हुए। हेलमेट लगाए स्कूली बच्चों और पुलिस जवानों ने 'हेलमेट है तो सुरक्षा है' के नारे लगाए। रैली इंदर चैराहा होते हुए पुलिस थाना परिसर में आकर संपन्न हुई। थाना प्रभारी हुकुमचंद मीणा एवं सब इंस्पेक्टर अरूण जाट ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना बेहद जरूरी है, इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

दशहरा पर्व को लेकर नपा ने शुरू की तैयारियां सीएमओ ने दोनों मैदानों का किया निरीक्षण



सारंगपुर। आगामी 20 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विजयादशमी पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे ने नवीन बस स्टैंड के समीप स्थित दशहरा मैदान एवं पुराने दशहरा मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने रावण दहन स्थल, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था तथा आवागमन के मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने दशहरा मार्गों के समतलीकरण (रोड लेवलिंग) का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि पर्व के दौरान आने वाले हजारों नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग करने तथा रावण दहन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान सफाई कार्य भी करवाया गया। सीएमओ रानवे ने प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और अग्निशमन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। रावण दहन स्थल और आसपास के मार्गों पर पर्याप्त रोशनी, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल पॉइंट एवं टैंकर तथा फायर ब्रिगेड और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि दशहरा पर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी, ताकि सारंगपुर में दशहरा पर्व हर्षोल्लास, भव्यता और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे, जितेंद्र भैरवे, मनीष गिरजे सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

कुरावर में सेवा पखवाड़ा व राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली



कुरावर। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विशेष अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया। अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों तथा निर्धारित श्रेणी की किशोरियों और महिलाओं को कृमिनाशक दवा की खुराक दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के तहत आंखों की जांच भी की गई। डॉ. शकील खान ने हितग्राहियों की आंखों की जांच की तथा पात्र लोगों को चश्मों का वितरण किया। कार्यक्रम में नरसिंहगढ़ एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल, सीबीएमओ डॉ. राजेंद्र सिंह अहिरवार, मेडिकल ऑफिसर डॉ. नरेश कुमार गवली, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बालाप्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तारू राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम गर्ग, महामंत्री लखन राजपूत, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, प्रतिनिधि दिलीप बना, एल्डरमैन गोविंद मालवीय, कल्लू मीना, पूर्व मंडी अध्यक्ष गुड्डू जाटव, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनोखी लाल कोटिया, रवि सूर्यवंशी, राकेश मीना सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

कंप्यूटर ऑपरेटर ने शराब के नशे में अस्पताल के स्टाफ के साथ की अभद्रता, मामला दर्ज



जीरापुर। नगर के सिविल अस्पताल में सोमवार रात लगभग 8 बजे उस समय हंगामा हो गया, जब ओपीडी पर्ची बनाने का कार्य कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर पर शराब के नशे में मरीज एवं अस्पताल कर्मचारी से अभद्रता की। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कार्तिक इंटरप्राइजेज के कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र मेहरा निवासी पिपलिया कुलमी ने सिविल अस्पताल में शराब के नशे में हंगामा किया और कथित रूप से अस्पताल के कैमरे बंद कर दिए तथा ओपीडी पर्ची कक्ष का गेट अंदर से बंद कर दिया। बताया गया कि इस दौरान ऑपरेटर ने अस्पताल के स्टाफ के साथ अभद्रता की। इसी बीच एक इमरजेंसी मरीज अस्पताल पहुंचा, लेकिन ओपीडी पर्ची बनाने से इनकार किए जाने के कारण मरीज का ऑफलाइन पर्चा बनाकर रेफर करना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को बुलाया

ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. सुनील चौरसिया ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा वार्डबॉय राकेश प्रजापति के साथ भी अभद्रता की गई है। इमरजेंसी मरीज की ओपीडी पर्ची बनाने से मना किया तथा ओपीडी कक्ष के गेट अंदर से बंद किए। इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कंप्यूटर ऑपरेटर को थाने ले गई। मामले में पुलिस द्वारा धारा 151 में अपराध दर्ज किया। अस्पताल प्रबंधन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए इस घटना की निंदा की।

अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण का विधायक ने किया निरीक्षण

ठेकेदार को दिए निर्देश, कार्य की गुणवत्ता मापदंड के अनुसार हो



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

मंगलवार को शासकीय कार्यक्रम एवं बैठक में शामिल होने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने दोपहर करीब 2 बजे शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद ठेकेदार मंगल पटेल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में पर्यटन विकास निगम को निर्माण एजेंसी के माध्यम से करीब 4 करोड़ 54 लाख 84 हजार रुपए की लागत से 16 अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि इन कक्षाओं में क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अध्ययन करेंगे, इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कक्षाओं का निर्माण शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार ही किया जाए तथा लंबाई-चैड़ाई में किसी तरह का अंतर नहीं होना चाहिए।

विधायक ने निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को निर्माण सामग्री में नर्मदा सीमेंट का उपयोग करने तथा फिनिशिंग का कार्य बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन की लाइन एवं फिनिशिंग स्पष्ट और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान भवन में एक सीढ़ी बनाए जाने की जानकारी मिलने पर विधायक ने आगे की ओर भी सीढ़ी का निर्माण कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा रहे।

छोटे किसानों को मिले नकद भुगतान, गुरुवार को भी हो मंडी में उपज की खरीदी

किसानों के भुगतान को लेकर मंडी पहुंचे विधायक-एसडीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

कृषि उपज के नगद भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को मंडी में किसानों के हंगामे और नीलामी बंद होने के बाद मंगलवार को विधायक मोहन शर्मा एवं एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल मंडी कार्यालय पहुंचे। यहां विधायक ने किसान, व्यापारी और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर भुगतान व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को सुना और समाधान के निर्देश दिए।

दरअसल, सोमवार सुबह करीब 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किसानों ने कृषि उपज के नगद भुगतान की मांग को लेकर मंडी में नीलामी बंद कर दी थी। किसानों का आरोप था कि व्यापारी उपज खरीदने के बाद आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में भुगतान करते हैं, जिसमें करीब आठ दिन तक का समय लग रहा है। इससे किसानों को तत्काल आर्थिक जरूरतों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे विधायक मोहन शर्मा और एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल मंडी कार्यालय पहुंचे। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, नर्मदा मालवा, एचडीएफसी और आईडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों के साथ किसान और व्यापारी मौजूद रहे। सभी पक्षों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गईं।

बैंकों ने बताई नकदी की समस्या

बैठक में बैंक प्रतिनिधियों ने बताया कि बैंकों में नगद राशि निकालने वाले ग्राहकों की संख्या अधिक है, जबकि नगद जमा कराने वाले अपेक्षाकृत कम हैं। साथ ही हेड ब्रांच से करीब 80 से 90 लाख रुपए की नगद लिमिट मिलती है, वह राशि भी कई बार दो से तीन दिन में उपलब्ध होती है। इसके चलते व्यापारियों को किसानों को तत्काल नगद भुगतान करने में परेशानी आती है। इस पर विधायक मोहन शर्मा ने जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा कर बैंकों को पर्याप्त नगद उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर मिले, इसके लिए सभी संबंधित विभाग और बैंक समन्वय से काम करें। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, नगर परिशद सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंषी, वरिश्ठ भाजपा नेता घनष्याम गर्ग, महामंत्री लखन राजपूत, पार्शद प्रतिनिधि दिलीप बना, मोहन वर्मा, पार्शद बद्रीलाल कुशवाहा, एल्डरमैन कल्लू मीना, संजय नागर, भूपेंद्र सिंह भदौरिया, राकेष मीना सहित अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल, राकेष माहेष्वरी, दीपक अग्रवाल, षैलू जिंदल, गौरव सिंघी, कृश्ण मोहन गोयल, सुरेष गोयल, अंकित अग्रवाल, शाहिद सहित बड़ी संख्या में किसान एवं बैंक मैनेजर मौजूद रहे।